03-12-2023

# कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, बलरामपुर।

संख्याः 953 /वी0आई0पी0–भ्रमण/2023 दिनांकःदिसम्बर 02 ,2023

मा0 मख्यमंत्री जी, उ0प्र0, दिनांकः04.12.2023 को जनपद बलरामपुर की तहसील तुलसीपुर के अर्न्तगत देवीपाटन मन्दिर में भ्रमण/रात्रि विश्राम कार्यक्रम संभावित है। मा0 मुख्यमंत्री जी जेड प्लस सुरक्षा से संरक्षित है।

उपरोक्त के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों को व्यवस्था हेतु तैयारी सम्बन्धी कार्य किया जाना अपेक्षित है। जो निम्नवत् हैः–

| क्र0सं0 | विभाग/अधिकारी | कार्य/व्यवस्था |
|---|---|---|
| 1 | पुलिस अधीक्षक महोदय बलरामपुर | मा0 मुख्यमंत्री जी के मानक के अनुरूप, हेलीपैड स्थल पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, फ्लीट व्यवस्था, हेलीपैड स्थल से कार्यक्रम स्थल तक मार्ग पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, अवस्थान/जलपान स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, बुलेट प्रूफ कार व जैमर की व्यवस्था, स्मोक कैंडिल की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, दंगा निरोधक दस्ता, टियर गैस, अग्निशमन व्यवस्था, बम डिस्पोजल/एण्टीसेबोटाज चेकिंग की व्यवस्था व अन्य आवश्यक व्यवस्थायें मानक के अनुरूप सुनिश्चित कराने का कष्ट करें। |
| 2 | मुख्य चिकित्साधिकारी, बलरामपुर | 1–मा0 मुख्यमंत्री जी का ब्लड ग्रुप एबी पॉजिटिव (AB+ve) है। कृपया तद्नुसार पर्याप्त रक्त सहित एक सुसज्जित एम्बुलेन्स वाहन में चिकित्सकों की टीम एवं आवश्यक जीवन रक्षक औषधियों एवं उपकरणों सहित हेलीपैड स्थल व कार्यक्रम स्थल हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।<br>2–मा0 मुख्यमंत्री जी को दिये जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थो की शुद्वता सुनिश्चित करने के लिये अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा से समन्वय कर कुशल विशेषज्ञ नियुक्त करें जो मा0 मुख्यमंत्री जी को दिये जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों का समय से परीक्षण कर प्रमाण पत्र भी उपलब्ध करायें।<br>3–आपात कालीन चिकित्सा व्यवस्था निकटवर्ती चिकित्सालय तथा जिला चिकित्सालय में भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।<br>4–आवश्यकतानुसार पुलिस अधीक्षक बलरामपुर से सम्पर्क स्थापित कर यथा आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। |
| 3 | जिला पूर्ति अधिकारी, बलरामपुर | कार्यक्रमानुसार अवस्थान स्थल, हेलीपैड स्थल पर निर्मित स्वीस काटेज व अन्य स्थल पर मानक के अनुरूप जलपान व भोजनादि की समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें साथ ही साथ ए0टी0एफ0 लाने व ले जाने हेतु 01 अधिकारी की तैनाती भी करें। |
| 4 | अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, बलरापुर | कार्यक्रमानुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति व रात्रि के समय हेलीपैड स्थल पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करायें। |
| 5 | सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, बलरामपुर | मा0 मुख्यमंत्री जी के भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा अधिकारी/सुरक्षाकर्मी एवं एन0एस0जी0 कमाण्डो के उपयोगार्थ 05 अदद बोलेरो/स्कार्पियो दिनांकः 03.12.2023 को सायं तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। |
| 6 | जिला अग्नि शमन अधिकारी, बलरामपुर | कार्यक्रमानुसार हेलीपैड, कार्यक्रम एवं अन्य स्थल पर अग्नि सुरक्षा से सम्बन्धित समस्त आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने का कष्ट करें। |
| 7 | कमाण्डेण्ट, एस0एस0बी0, 50वीं/9वीं वाहिनी बलरामपुर/तुलसीपुर | उपरोक्त कार्यक्रम दृष्टिगत भारत नेपाल सीमा पर विशेष चौकसी कराना सुनिश्चित करें। |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 8 | जिला आबकारी अधिकारी बलरामपुर | मा0 मुख्यमंत्री जी के क्रू-मेम्बर्स के लिये अवस्थान व भोजनादि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। |
| 9 | मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बलरामपुर | मा0 मुख्यमंत्री जी के अवस्थान स्थल/कार्यक्रम स्थल पर दिये जाने वाले खाद्य/पेय पदार्थों की शुद्धता एवं गुणवत्ता की जॉच सुनिश्चित करायें तथा सुरक्षा सम्बंधी प्रमाण पत्र स्थल पर तैनात मजिस्ट्रेट्स को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। |
| 10 | अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, प्रा0ख0, बलरामपुर | उपरोक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत मा0 मुख्यमंत्री जी के सुरक्षा मानक के अनुरूप हेलीकाप्टर के सुरक्षित उतरने हेतु चयनित हेलीपैड स्थल पर मानक के अनुरूप हेलीपैड का निर्माण, सेफ हाउस का निर्माण व स्वीस कार्टेज का निर्माण कार्यक्रम स्थल एवं रूट पर सुरक्षा के लिये बैरिकेटिंग का निर्माण सुनिश्चित करायें तथा सुरक्षा सम्बंधी प्रमाण पत्र स्थल पर तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें। चयनित हेलीपैड स्थल का कोआर्डिनेट्स एवं हेलीकाप्टर के सुरक्षित लैडिंग एवं टेक ऑफ की अनुमति/अनापत्ति भी तत्काल उपलब्ध कराने के साथ ही साथ हेलीपैड स्थल के चारो कोने का 30 सेकेण्ड का विडियो व फोटोग्राफ उपलब्ध सुनिश्चित करें। |
| 11 | सहायक निदेश विद्युत, गोण्डा | हेलीपैड स्थल एवं कार्यक्रम स्थल पर लगे संयत्रों/वायरिंग/ध्वनि विस्तारक यंत्रों का परीक्षण कर सुरक्षा प्रमाण पत्र कार्यक्रम स्थल पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस प्रशासन बलरामपुर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। |
| 12 | जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी बलरामपुर। (8881045452) | सुरक्षा हेतु आने वाले सुरक्षा कर्मियों एवं एन0एस0जी0 के कमाण्डोज आदि के अवस्थान एवं जलपान भोजन आदि की व्यवस्था हेतु आपको नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। तद्नुसार आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। |
| 13 | 1–अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तुलसीपुर जनपद बलरामपुर।<br>2–खण्ड विकास अधिकारी, तुलसीपुर। | कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड स्थल पर आवश्यक साफ–सफाई, चूना छिड़काव एवं हेलीकाप्टर को तथा कार्यक्रम स्थल पर सेनिटाइजर आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। |

अपर जिला मजिस्ट्रेट,
बलरामपुर।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1–जिलाधिकारी, महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2–पुलिस अधीक्षक महोदय बलरामुपर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3–मुख्य विकास अधिकारी महोदय को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4–उप जिलाधिकारी/बलरामपुर/उतरौला/तुलसीपुर।
5–उपरोक्तानुसार सम्बन्धित अधिकारियों को अनुपालन हेतु।

3/12/2023

अपर जिला मजिस्ट्रेट,
बलरामपुर।

Scanned with CamScanner